दिन– मंगलवार  दिनांक– 03/06/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।  अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में चौदह हजार किलोमीटर लम्बी ग्रामीण सड़कों का होगा कायाकल्प। मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण और प्रबंधन कार्यक्रम के तहत होगा इन सड़कों का विकास।

02 नीट–पीजी दो हजार पच्चीस परीक्षा अगली सूचना तक स्थगित। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन के लिए अब एक ही पाली में आयोजित होगी परीक्षा।

03. प्रदेश के उत्तरी भागों में तेज आंधी और बारिश से जन जीवन प्रभावित। सीवान में दो महिलाओं समेत सात लोगों की मौत।

04. और, आईपीएल का फाइनल मुकाबला आज। खिताब के लिए भिडेंगी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स की टीम।

———————————————————————

प्रदेश में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण और प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत तेरह हजार नौ सौ तैंतालीस किलोमीटर लम्बी ग्रामीण सड़कों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस में इन सभी सड़कों की सतह को सुदृढ़ किया जाएगा। इन सड़कों को जून महीने तक गड्ढा मुक्त किया जायेगा। श्री सिंह ने बताया कि इस समग्र परियोजना पर अनुमानित इक्कीस हजार छह सौ बावन करोड़ रुपये खर्च किया जाएगा। इन सड़कों के साथ–साथ कुल इक्यावन पुलों का भी सुदृढ़ीकरण किया जाना प्रस्तावित है।

———————————————————————

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित कृषि संकल्प अभियान खेती, किसानी और किसानों की जिंदगी बदलने का प्रयास है। श्री चौहान पूर्वी चंपारण के पिपराकोठी में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों के साथ संवाद कर रहे थे।

———बाइट———

श्री चौहान ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण का प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प कृषि क्षेत्र में सुधारों से ही संभव है। उन्होंने कहा कि खेती और समृद्ध किसान के लक्ष्य को लेकर इस अभियान के तहत वैज्ञानिक पूरे देश में किसानों के साथ संवाद

कर रहे हैं। किसानों से प्राप्त सुझाव के आधार पर भविष्य की रणनीति तय की जायेगी।

———————————————————————

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज – एन बी ई एम एस ने नीट–पीजी परीक्षा स्थगित कर दी है। यह परीक्षा इस महीने की पन्द्रह तारीख को होनी थी। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए बोर्ड ने नीट–पीजी परीक्षा को एक ही पाली में आयोजित करने का फैसला किया है। बोर्ड ने कहा है कि परीक्षा के लिए अधिक केंद्रों और आवश्यक बुनियादी ढांचे की व्यवस्था करने के उद्देश्य से इसे स्थगित किया गया है। बोर्ड ने कहा कि परीक्षा की तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी।

———————————————————————

शिक्षा विभाग ने कहा है कि शिक्षकों को अब अवकाश के लिए ऑनलाईन आवेदन देने होंगे। आवेदन ई–शिक्षा कोष पोर्टल पर होगा। शिक्षा विभाग के उप सचिव अमित कुमार ने बताया कि नई व्यवस्था तेईस जून के बाद लागू हो जायेगी। शिक्षक निजी कार्य और स्वास्थ्य के आधार पर आधे वेतन पर छुट्टी ले सकते हैं।

———————————————————————

आतंकवाद के खिलाफ भारत के कूटनीतिक प्रयासों के तहत जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मलेशिया के दौरे पर है। इस प्रतिनिधिमंडल ने मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में सत्तारूढ़ दल के संसद सदस्यों और अन्य नेताओं के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक के बाद श्री झा ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ मलेशिया का पूरा समर्थन भारत को मिला है। उन्होंने कहा कि यह बैठक काफी लाभदायक रही।

———बाइट———

———————————————————————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए पूरा राष्ट्र भारतीय सैनिकों की वीरता को सलाम कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। इसी कड़ी में आज हम परमवीर चक्र से सम्मानित सेकेंड लेफ्टिनेंट राम राघोबा राणे को याद कर रहे हैं, जिन्होंने उन्नीस सौ सैंतालीस–अड़तालीस के भारत–पाकिस्तान युद्ध के दौरान अविश्वसनीय बहादुरी का प्रदर्शन किया था।

———कट———

———————————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि सोनपुर मेला के आधुनिकीकरण के लिए चौबीस करोड़ अट्ठाईस लाख रूपये की मंजूरी दी गयी है। उन्होंने कहा कि सारण के सोनपुर में पर्यटकीय सुविधाओं के विस्तार के लिए स्वदेश दर्शन योजना के तहत इसकी स्वीकृति दी गयी है। इससे स्थानीय रोजगार और ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढावा मिलेगा।

—————————————————————————

उत्तर बिहार के कई स्थानों पर पिछले चौबीस घंटों के दौरान तेज आंधी और बारिश से जन जीवन प्रभावित हुआ है। इस अवधि में सीवान जिले के तीन थाना क्षेत्रों लकड़ीनबीगंज, जीबी नगर और बसंतपुर में आंधी और बारिश के दौरान हुई अलग–अलग घटनाओं में दो महिला समेत सात लोगों की मौत हो गई। वहीं, अररिया जिले में तेज आंधी और बारिश के दौरान कई कच्चे घर क्षतिग्रस्त हो गये हैं। कई स्थानों पर पेड़ गिरने से आवागमन भी प्रभावित हुआ है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित है। फसलों को भी व्यापक नुकसान के समाचार हैं। मौसम विभाग ने आज शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज और पूर्णियां और आस–पास के क्षेत्रों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। शेष स्थानों पर मौसम शुष्क बना रहेगा। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले तीन से चार दिन में प्रदेश के अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। इसके बाद छह जून से मौसम में बदलाव का पूर्वानुमान है।

—————————————————————————

आज विश्व साइकिल दिवस है। संयुक्त राष्ट्र ने आज ही के दिन वर्ष दो हजार अठारह में साइकिल दिवस मानने की घोषणा की थी। साइकिल के लाभ, स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सहरसा पुलिस लाइन में जिला साइकलिंग संघ के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय साइकिलिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बालक ओपन आयु वर्ग में अमित सेन प्रथम और दिलखुश कुमार द्वितीय तथा मंजेश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इधर, शिवहर जिले में भी इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से साईकिल रैली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया।

—————————————————————————

बिहार योग विद्यालय विश्‍व योग पीठ, मुंगेर राज्य के खिलाड़ियों के लिए योग के आसनों की एक योजना तैयार कर रहे हैं। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि पीठ के परमाचार्य स्वामी निरंजनानंद ने इस संबंध में

उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। इसमें खेल और खिलाड़ियों को ध्यान में रखते हुए आसन योजना तैयार की जायेगी। श्री शंकरण ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के सहयोग इन योगासनों से संबंधित एक वीडियो बनाने की योजना है। इससे देश भर के खिलाड़ी इसका लाभ उठा सकेंगे।

---

इंडियन प्रीमियर लीग–आईपीएल का फाइनल मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच आज खेला जायेगा। यह खिताबी मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे शुरू होगी। दोनों दिग्गज टीम के बीच होने वाले इस मुकाबले में रजत पाटीदार की अगुआई वाली रॉयल चैलेंजर्स का पलड़ा भारी है। वहीं, पंजाब की टीम ने क्वालीफायर मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मिली हार से उबरते हुए श्रेयस अय्यर की नाबाद सत्तासी रनों की पारी की बदौलत अपना पहला खिताब जीतने का सपना जिंदा रखा है।

---

रेलवे ने गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की सुविधा के लिए तीन जोड़ी और स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का फैसला लिया है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि पटना से गुजरात के साबरमती के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन कल से अलग–अलग तिथि में होगा। वहीं, हावड़ा से रक्सौल स्पेशल ट्रेन की शुरूआत सात जून से होगी। मालदा टाउन और आनंद विहार के बीच भी विशेष ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। इधर, उदयपुर सिटी–फारबिसगंज और श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा से गुवाहाटी के ीच विशेष ट्रेन की परिचालन अवधि में विस्तार किया गया है।

---

नालंदा जिले के राजगीर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम तैयार किया जा रहा है। भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने बताया कि अगले दो महीनों में यह स्टेडिमय मैच आयोजित करने के लिए तैयार हो जायेगा। श्री रवि ने बताया कि स्टेडियम में लाल मिट्टी से बनायी जा रही छह क्रिकेट पिच का कार्य पूरा हो गया है। पिच पर घास लगाने का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा क्रिकेट स्टेडियम में पवेलियन का कार्य भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। इस स्टेडियम में चालीस हजार दर्शकों के बैठने की व्यवस्था होगी।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– बिहटा– सरमेरा और पटना–गया–डोभी पथ जुड़ेंगे।

दैनिक जागरण की विशेष खबर है– प्रदेश के बत्तीस जिलों में कालाजार रोगी खोज अभियान हुआ शुरू।

दैनिक भास्कर ने जेईई एडवांस्ड परीक्षा परिणाम की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– आठ साल में पहली बार तीस प्रतिशत से ज्यादा छात्र क्वालिफाई हुए। समस्तीपुर के अरणव को पच्चीसवीं रैंक। प्रभात खबर ने इसी खबर को अपनी लीड बनाते हुये लिखा है– पटना के ज्ञान प्रकाश दूसरे, और नालंदा के अर्जुन वर्मा चौथे जोन टॉपर बने। आज अखबार का शीर्षक है– यूट्यूबर मनीष कश्यप के साथ मारपीट के मामले में दस दिन बाद प्राथमिकी। राष्ट्रीय सहारा की सुर्खी है– देशभर में कोरोना संक्रमण के तीन हजार नौ सौ इकसठ मामले सक्रिय।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. प्रदेश में चौदह हजार किलोमीटर लम्बी ग्रामीण सड़कों का होगा कायाकल्प। मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण और प्रबंधन कार्यक्रम के तहत होगा इन सड़कों का विकास।

02 नीट–पीजी दो हजार पच्चीस परीक्षा अगली सूचना तक स्थगित। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन के लिए अब एक ही पाली में आयोजित होगी परीक्षा।

03. प्रदेश के उत्तरी भागों में तेज आंधी और बारिश से जन जीवन प्रभावित। सीवान में दो महिलाओं समेत सात लोगों की मौत।

04. और, आईपीएल का फाइनल मुकाबला आज। खिताब के लिए भिडेंगी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स की टीम।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।